## महानिदेशक, भारतीय शिक्षा और अनुसंधान नेटवर्क, (ईआरएनईटी इंडिया) के पद को भरने के लिए विज्ञापन

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, एमईआईटीवाई **महानिदेशक, ईआरएनईटी इंडिया** के पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है ।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ( एमईआईटीवाई ) के तहत एक स्वायत्त वैज्ञानिक सोसायटी, भारतीय शिक्षा और अनुसंधान नेटवर्क (ईआरएनईटी) इंडिया की स्थापना राष्ट्रव्यापी अत्याधुनिक कंप्यूटर संचार बुनियादी ढांचे को विकसित करने, स्थापित करने और संचालित करने के मुख्य उद्देश्यों के साथ की गई है, ताकि कंप्यूटर नेटवर्किंग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान विकास, प्रशिक्षण और मानकीकरण को बढ़ावा दिया जा सके और देश में सूचना बुनियादी ढांचे और कंप्यूटर नेटवर्किंग के विकास के लिए सरकार के विचार हेतु विकल्प विकसित किए जा सकें।

महानिदेशक, सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होते हैं और उनके पास शासी परिषद/कार्यकारी समिति के निर्णयों को लागू करने, सोसाइटी के समुचित प्रबंधन के लिए रणनीतियाँ और योजनाएँ बनाने हेतु प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियाँ होती हैं। महानिदेशक के कार्य दायित्व निम्नलिखित हैं: -

क) महानिदेशक, शासी परिषद के समग्र मार्गदर्शन में ईआरनेट इंडिया के समग्र प्रबंधन और संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे।

ख) महानिदेशक को व्यावसायिक रूप से योग्य टेक्नोक्रेट और प्रबंधन पेशेवरों के एक समूह का नेतृत्व करने की आवश्यकता होगी।

ग) महानिदेशक सोसायटी की वार्षिक योजनाओं, बजट आदि तैयार करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

घ) महानिदेशक ऐसी कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेंगे जो ईआरएनईटी इंडिया चार्टर में निहित हैं या शासी परिषद द्वारा उन्हें प्रत्यायोजित की गई हैं।

ङ) महानिदेशक शासी परिषद के सदस्य सचिव होंगे।

महानिदेशक, ईआरएनईटी इंडिया का पद वेतन मैट्रिक्स में लेवल-15 (182200-224100 रुपए) के वेतनमान पर आधारित है और इसे सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है। इस पद का कार्यकाल अधिकतम 05 वर्ष या सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगा।

**पात्रता मापदंड**

**1. शैक्षणिक योग्यता और अनुभव**

*क. **सीधी भर्ती के लिए***

**(क) आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव**

इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल्स / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / दूरसंचार / कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री या कंप्यूटर उपयोजन में स्नातकोत्तर या डिजाइन में एमएससी / गणित / सांख्यिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स / ऑपरेशन रिसर्च / कुल गुणवत्ता प्रबंधन / अर्हता प्राप्त होने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी में 25 वर्ष का अनुभव।

**या**

इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल्स / इलेक्ट्रॉनिकी और संचार / दूरसंचार / कंप्यूटर विज्ञान में प्रौद्योगिकी / अर्हता प्राप्त होने के बाद इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री के साथ 22 वर्ष का अनुभव।

**या**

अर्हता प्राप्त होने के बाद 17 वर्ष के अनुभव के साथ उपर्युक्त उद्धृत विषयों में से किसी एक में पीएचडी।

**(ख) आवश्यक अनुभव:**

उम्मीदवार के पास वरिष्ठ प्रबंधन पद पर कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**II. वांछनीय**

पूर्ण ज्ञान :-

i) भारत सरकार की नीतियाँ।
ii) कॉर्पोरेट प्रबंधन.

***ख. प्रतिनियुक्ति के लिए (अल्पकालिक संविदा सहित ) :-***

प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा स्वायत्त निकायों के अधीन ऐसे अधिकारी: -

(i) जो नियमित आधार पर सहस पद धारण किए हों, अथवा;

**या**

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में लेवल 14 के वेतन मैट्रिक्स (1,44,200 -2,18,200/-) के वेतनमान में 3 साल की नियमित सेवा के साथ;

तथा

(क) सीधी भर्ती किए जाने वाले उम्मीदवारों के लिए विहित अर्हता और अनुभव हों।

**नोट 1:** केन्द्रीय सरकार के उसी या अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की अवधि सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**2. आयु सीमा :**

(आवेदन की अंतिम तिथि पर)

(i) **सीधी भर्ती के लिए : 50 वर्ष**
(ii) **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के लिए: 58 वर्ष**

**नोट 1:** सरकारी कर्मचारियों को दी जाने वाली आयु में छूट समय-समय पर जारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अनुदेशों के अनुसार होगी ।

**नोट 2:** इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त निकायों के सेवारत कर्मचारियों को सीधी भर्ती में आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट ।

**नोट 3:** आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथि भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तिथि होगी (न कि वह अंतिम तिथि जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, संघ शासित प्रदेश लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिलें और चंबा जिलें का पांगी उप-मंडल, संघ शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह या संघ शासित प्रदेश लक्षद्वीप जैसे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है)।

**3. कार्यकाल:**

पद का कार्यकाल अधिकतम 05 वर्ष या सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, होगा।

**4. सामान्य:**

(i) आवेदन,सभी मामलों में पूर्ण, योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि आदि से संबंधित प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रोफार्मा में अंतिम तिथि तक या उससे पहले पहुंच जाना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए, **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के बाद का दिन होगा। इसके अलावा, आवेदन वाले लिफाफे पर "महानिदेशक, ईआरएनईटी इंडिया में पद हेतु आवेदन"** लिखा होना चाहिए और निदेशक (एबीसी प्रभाग), इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ( एमईआईटीवाई ), इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003 को भेजा जाना चाहिए।

(ii) असम , मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, संघ शासित प्रदेश लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिलें और चंबा जिलें का पांगी उप-मंडल, संघ शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह या संघ शासित प्रदेश लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए अंतिम तिथि **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से 15 दिन बाद तक होगी।**

(iii) सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत व्यक्तियों को पिछले पाँच वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट (एपीएआर) की प्रतियाँ, जो अवर सचिव या समकक्ष पद के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हों, और सतर्कता/अनुशासनात्मक अनापत्ति के साथ अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना आवश्यक है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा को भी प्रमाण पत्र के साथ प्रमाणित किया जाए कि कहीं उस पर कोई छोटा/बड़ी शास्ति तो अधिरोपित नहीं की गई है। प्रायोजक/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा अग्रेषित न किया गया आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(iv) आवेदक द्वारा आवेदन की एक अग्रिम प्रति इस मंत्रालय को भी भेजी जा सकती है।

(v) महानिदेशक के पद पर सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति के लिए किसी अभ्यर्थी के चयन की स्थिति में, उसे संबंधित पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पहले अपने मूल पद से त्यागपत्र देना होगा।

**नोट:**

1. ऐसे आवेदन जो विज्ञापन में बताई गई न्यूनतम आवश्यकता के अनुरूप और उचित प्रोफार्मा के अनुरूप भी नहीं होंगे, अस्वीकृत कर दिए जाएंगे ।
2. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाया जाएगा। सिर्फ विज्ञापन में निर्धारित आवश्यकताओं की पूर्ति, उम्मीदवार को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाए जाने की अर्हता प्रदान नहीं करती है।

उम्मीदवार इस विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरण के लिए निम्नलिखित वेबसाइटों का भी संदर्भ ले सकते हैं:

www.meity.gov.in ; www.ernet.in ; www.persmin.gov.in ; और www.ncs.gov.in

**महानिदेशक, भारतीय शिक्षा एवं अनुसंधान नेटवर्क (ईआरएनईटी इंडिया) के पद के लिए आवेदन**

पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

**भाग – I**

**आवेदन के लिए प्रोफार्मा**

**( *कृपया संबंधित विकल्प पर निशान लगाएं* )**

भर्ती हेतु चुना गया माध्यम: सीधी भर्ती ☐
प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) ☐

1. पूरा नाम :
   (बड़े अक्षरों में)

2. पिता का नाम :

3. लिंग (पुरुष/महिला) :

4. राष्ट्रीयता :

5. जन्म तिथि :
( *जन्म तिथि का प्रमाण संलग्न करना होगा* )

6. आयु: : _ ________वर्ष________माह ____________दिनांक
   ( *आवेदन की अंतिम तिथि तक* )

7. सेवानिवृत्ति की तिथि :

8. वैवाहिक स्थिति :

9. पत्राचार का पता (पिन कोड सहित):
( दूरभाष *संख्या, मोबाइल संख्या और ई-मेल पता* )

10. स्थायी पता :

11. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अहर्ताएं:
**(शुरुआत स्नातक स्तर से)**

| संस्थान / बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | प्रमाण पत्र/डिग्री में दर्शाई गई उत्तीर्ण होने की तिथि (जो भी पहले हो) (दिन/माह/वर्ष) | परीक्षा / डिग्री | कुल अंकों का प्रतिशत और डिवीजन | अर्हता प्राप्त करने के बाद का अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. शैक्षिक करियर में यदि कोई अंतराल है, तो उसे कारणों सहित स्पष्ट करें।

13. विशेषज्ञता का क्षेत्र:

14. कालानुक्रमिक क्रम में (घटते क्रम में, वर्तमान नौकरी से आरम्भ) रोजगार का इतिहास और अनुभव:

(यदि आवश्यक हो तो निम्नलिखित प्रारूप में अलग शीट संलग्न करें)

| नियोक्ता/संगठन/संस्था का नाम और पता | सेवा की अवधि | | धारित पदनाम | वेतन मैट्रिक्स में स्तर (सरकारी उम्मीदवारों के लिए)/ सकल मासिक वेतन (निजी उम्मीदवारों के लिए) | कार्य का विस्तृत विवरण | प्रत्येक पद छोड़ने के कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रारंभ तिथि (दिन/माह/वर्ष) | समाप्ति तिथि (दिन/माह/वर्ष) | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**नोट** : सेवा में व्यवधान/अंतराल, यदि कोई हो, को भी कालानुक्रमिक रूप से दर्शाया जाए।

15. वर्तमान रोजगार का विवरण: -

i) धारित पदनाम :

ii) पद का वेतनमान (पे मैट्रिक्स में स्तर) :

iii) वर्तमान में आहरित प्रति माह कुल परिलाब्धियाँ :
(विवरण सहित - मूल वेतन, एचआरए, डीए, टीए आदि)

iv) क्या वर्तमान पद नियमित/कार्यकाल/प्रतिनियुक्ति या तदर्थ आधार पर धारण किया गया है, और कब से? :

v) यदि प्रतिनियुक्ति पर हैं, तो नियमित आधार पर धारित पद का विवरण/वेतनमान तथा कब से धारित है का उल्लेख करें। :

vi) व्यक्ति संगठन का नाम पूरे पते के साथ :
संपर्क व्यक्ति का नाम और पदनाम
और दूरभाष और ई-मेल आईडी

vii) संगठन की श्रेणी (कृपया उपयुक्त पर निशान लगाएँ ) :-

(a) सरकार/राज्य सरकार
(b) सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू)/स्वायत्त निकाय
(c) निजी

16. व्यावसायिक प्रशिक्षण:

| संगठन | प्रशिक्षण का विवरण | अवधि | |
|---|---|---|---|
| | | से | तक |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

17. वरिष्ठ प्रबंधन क्षमता में अनुभव:-

**(i) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू)/स्वायत्त निकाय के लिए**

क. वर्तमान वेतन स्तर तथा उस वेतन स्तर में :
शामिल होने/नियुक्ति की तिथि का उल्लेख करें।

ख. स्पष्ट करें कि क्या अभ्यर्थी किसी सरकारी संगठन/ :
स्वायत्त निकाय/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या उसकी इकाई/
इकाइयों, किसी प्रमुख प्रभाग या प्रमुख परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं।
(यदि आवश्यक हो तो एक अलग शीट संलग्न की जा सकती है)

**(ii) निजी उम्मीदवार के लिए:**

क) क्या वर्तमान पद संगठन के निदेशक :
मंडल के समकक्ष है? (हाँ/नहीं)

ख) संगठन की जनशक्ति :
(पिछले तीन वर्ष)

ग) संगठन का वित्तीय कारोबार :
(पिछले तीन वर्ष)

18. प्रख्यात संगठन/संस्थान से प्राप्त अंतरराष्ट्रीय और/या राष्ट्रीय सम्मान/पुरस्कार/ उपलब्धियां:

(i) सम्मान :

| सम्मानों का विवरण | संगठन/ संस्थान का नाम | राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

(ii) पुरस्कार:

| पुरस्कारों का विवरण | संगठन/ संस्थान का नाम | राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

(iii) मान्यताएँ:

| उपलब्धियों का विवरण | संगठन/ संस्थान का नाम | राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

19. अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशित वैज्ञानिक पत्र:
(यदि उपलब्ध हो तो पुनर्मुद्रण का एक सेट उपलब्ध कराया जाए)

| प्रकाशित वैज्ञानिक पत्र का विवरण | राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय (कृपया इंगित करें) |
|---|---|
| | |
| | |

20. तकनीकी विकास और/या व्यावसायीकरण के लिए प्रदान किए गए पेटेंट/कॉपीराइट/ट्रेडमार्क/आईपीआर/ लाइसेंस: -

| विवरण | पेटेंट/कॉपीराइट/ट्रेडमार्क/आईपीआर (कृपया इंगित करें) | तकनीकी विकास हेतु और/या व्यावसायीकरण हेतु (कृपया इंगित करें) |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

21. उपलब्धियां जो आपकी उम्मीदवारी में सहायक हो सकती हैं:

22. एक विजन स्टेटमेंट जिसमें बताया जाए कि आप महानिदेशक के रूप में ईआरनेट इंडिया को किस प्रकार आगे ले जाना चाहते हैं:

23. अन्य कोई भी जानकारी :

**नोट: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त सभी जानकारी की पुष्टि के लिए दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें।**

**घोषणा**: मैं एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। कुछ भी गलत या छुपाया/विकृत नहीं किया गया है। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि मैंने किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया/विकृत किया है, तो मेरी नियुक्ति बिना सूचना के पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी ।

स्थान: _______________

दिनांक: _________________

हस्ताक्षर: __________________________

आवेदक का नाम: _____________________

ईमेल आईडी: ________________________

दूरभाष नंबर: __________________________

मोबाइल नंबर: _________________________

भाग – **II**

**(केवल सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है)**

प्रमाणित किया जाता है कि:

(i) अधिकारी द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्यापित की गई है और सही पाई गई है।
(ii) उपर्युक्त अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही प्रस्तावित है।
(iii) अधिकारी की पिछले 05 वर्षों की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की विधिवत सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न हैं।
(iv) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

दिनांक: ______________________

हस्ताक्षर:__________________

नाम: _____________________

पद का नाम: _______________

विभाग: __________________

संगठन: _________________

**आवेदक द्वारा प्राप्त घोषणापत्र**

मैं, ..............................................................................,श्री/श्रीमती ................................................................. का पुत्र/पुत्री/पत्नी एतद्द्वारा वचन देता/देती हूँ कि मैंने विज्ञापन में दर्शाए गए नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है, और महानिदेशक, समीर के पद पर नियुक्ति के लिए चयन होने पर मैं संबंधित पदग्रहण करने के लिए तैयार हूँ।

..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान:

नाम:

दिनांक: